**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1891**
**उत्तर देने की तारीख 11 फरवरी, 2026**

**दूरसंचार के लिए पीएलआई योजना**

**1891. श्री नारायण तातू राणेः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) देश में, विशेषकर महाराष्ट्र में, दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए शुरू की गई पीएलआई योजना का ब्यौरा क्या है,

(ख) क्या दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए पीएलआई योजना ने महाराष्ट्र में, विशेषकर रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित किए हैं;

(ग) यदि हां, तो इसके परिणामस्वरूप सृजित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों का ब्यौरा क्या है,

(घ) क्या सरकार का महाराष्ट्र में फाइबर ऑप्टिक केबल और 5जी घटक निर्माण के लिए पीएलआई मदद का विस्तार करने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क): दूरसंचार उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को सुदृढ करने के लिए दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए 'प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव' (पीएलआई) योजना अप्रैल 2021 में शुरू की गई थी, जिसका कुल परिव्यय 12,195 करोड़ रुपये था। इस योजना के तहत 42 कंपनियों को लाभार्थी के रूप में मंजूरी दी गई है। दिनांक 30.11.2025 तक, पीएलआई लाभार्थी कंपनियों ने मिलकर 4,789 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिससे 21,033 करोड़ रुपये के निर्यात सहित 1,01,109 करोड़ रुपये की बिक्री हुई है। इस योजना के तहत, चार कंपनियों के पास महाराष्ट्र में विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास की सुविधाएं हैं, जिन्होंने 541 करोड़ रुपये के निवेश और 21,375 करोड़ रुपये की बिक्री की रिपोर्ट दी है।

(ख) और (ग): इस योजना से महाराष्ट्र में 2,515 रोजगार सहित कुल 29,446 रोजगार सृजित हुए हैं। रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी पीएलआई कंपनी की इकाई नहीं है।

(घ) और (ङ): ऐसा कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है क्योंकि फाइबर ऑप्टिक केबल के लिए पर्याप्त क्षमता पहले से ही मौजूद है और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 5जी घटकों सहित इलेक्ट्रॉनिक घटकों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए अप्रैल 2025 में इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) शुरू की है। इसके अलावा, दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए पीएलआई योजना की अवधि केवल वित्त वर्ष 2026-27 तक के लिए है।

*****